# O P JINDAL SCHOOL, PATRATU
## QUESTION BANK OF PT-I

**CLASS: VIII** **SUBJECT: HINDI**

**बहुवैकल्पिक प्रश्न :**

1. बदलू कौन था?

(i) लोहार (ii) सुनार (iii) मनिहार (iv) बढ़ई

2. लेखक अधिकतर बदलू से कब मिलता था?

(i) रात में (ii) सवेरे (iii) दोपहर में (iv) शाम में

3. लाख की चूड़ियाँ कौन बनाता था ?

(i) लेखक का मामा (ii) लेखक (iii) बदलू (iv) डबलू

4. बंदलू कैसी चूड़ियाँ बनाता था?

(i) काँच की (ii) सोने की (iii) लाख की (iv) चाँदी की

5. कुल कितने लोग शाम की बस से यात्रा करने वाले थे?

(i) तीन (ii) चार (iii) पाँच (iv) छह

6. इस पाठ के लेखक कौन हैं?

(i) भगवती चरण वर्मा (ii) राम दरश मित्र (iii) कामतानाथ (iv) हरिशंकर परसाई

7. पन्ना से सतना के लिए बस कितनी देर बाद मिलती है?

(i) आधा घंटा (ii) एक घंटे बाद (iii) दो घंटे बाद (iv) प्रातः काल

8. यह बस कहाँ की ट्रेन मिला देती है?

(i) सतना की (ii) पन्ना की (iii) जबलपुर की (iv) भोपाल की

9. अहमदनगर का किला' पाठ कब व किसके द्वारा लिखा गया।

(i) 14 अप्रैल 1934 में जवाहरलाल नेहरू जी द्वारा (ii) 13 अप्रैल 1944 में जवाहरलाल नेहरू जी द्वारा

(iii) 13 अप्रैल 1944 में महात्मा गांधी द्वारा (iv) 14 अप्रैल 1933 सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा

10. नेहरू जी ने जीवन में कितनी बार जेल की यात्रा की थी?

(i) आठ बार (ii) दो बार (iii) नौवीं बार (iv) दस बार

11. नेहरू जी ने जेल में कैदी के रूप में कलम क्यों उठाई?

(i) पत्रकारिता के लिए (ii) भारतीय जनमानस में राष्ट्र प्रेम भरने के लिए

(iii) इतिहास लिखने के लिए (iv) कविता लिखने के लिए

12. मनुष्य का अतीत मनुष्य को किस प्रकार से प्रभावित करता है?

(i) अच्छे रूप में (ii) बुरे रूप में

(iii) अच्छे और बुरे दोनों रूप में (iv) प्रभावित नहीं करता है।

13. भारतीय विरासत की क्या विशेषता थी?

(i) आर्थिक संपन्नता को बढ़ाना (ii) विश्व बंधुत्व का संदेश

(iii) एकल परिवार की प्रथा (iv) आत्म-निर्भरता

14. मोहजोदड़ो की सभ्यता कितने वर्ष पुरानी है?

(i) 20,000 वर्ष (ii) 5000 वर्ष (iii) 6000 वर्ष (iv) 4000 वर्ष

15. सिंधु नदी का दूसरा नाम है?

(i) इडस (ii) इन्डक (iii) इंदु (iv) इंद्रनील

16. एशिया की शक्ति कम होने पर कौन-सा द्वीप आगे बढ़ा?

(i) यूरोप (ii) संयुक्त राज्य अमेरिका (iii) इंग्लैंड (iv) नीदरलैंड

17. भाषा कहते हैं
(i) मन के भावों को बोलकर या लिखकर बताना (ii) मन के भावों को संकेत द्वारा बताना
(iii) मन के भावों को केवल बोलकर बताना (iv) मन के भावों को केवल संकेत के द्वारा बताना

18. हम प्रतिवर्ष 'हिंद दिवस' मनाते हैं
(i) 14 जनवरी (ii) 14 मई (iii) 14 सितंबर (iv) 14 अगस्त

19. कौन-सी लिपि दाएँ से बाएँ लिखी जाती है?
(i) रोमन (ii) फ़ारसी (iii) गुरुमुखी (iv) देवनागरी

20. भाषा के नियमों की जानकारी देने वाला शास्त्र है।
(i) लिपि (ii) व्याकरण (iii) बोली (iv) भाषा

**21. <u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखें</u> :**

कबीर केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि अपने समय के सबसे बड़े और सच्चे समाज सुधारक तथा युग-निर्माता थे। कबीर पढ़े-लिखे नहीं थे, परंतु व ज्ञानी व्यक्ति थे। जब उनका जन्म हुआ तब देश सामाजिक रूढ़ियों और परंपराओं में जकड़ा हुआ था। देश में जात-पात, छुआछूत मूर्ति पूजा, रोजा-नमाज़ आदि का बोलबाला था। धर्म और जाति के नाम पर संपूर्ण देश दिन-पर-दिन कमजोर होता जा रहा था। कबीर ने हिंदू तथा मुसलमान दोनों की आलोचना की और समाज में जागृति का नया मंत्र फूंका। कबीर साधु प्रवृत्ति के थे, इसलिए उनकी भाषा विभिन्न भाषाओं की 'खिचड़ी' अथवा 'सधुक्कड़ी' कहलाई। उनकी रचनाएँ 'बीजक' नामक ग्रंथ में संकलित हैं। अपने दोहों और पदों में उन्होंने ज्ञान-अज्ञान, निराकार ईश्वर, आपसी प्रेम आदि की बातें की हैं।

(क) कबीर कौन थे?

(i) कवि और लेखक (ii) साधु और कवि (iii) कवि और समाज सुधारक (iv) कवि और चित्रकार

(ख) कबीर ने समाज में किसका मंत्र फूँका?

(i) जागृति का (ii) सुषुप्ति का (iii) घृणा का
(iv) प्रेम का

(ग) कबीर की भाषा क्या कहलाई?

(i) जागृति (ii) सधुक्कड़ी (iii) बीजक (iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) 'खिचड़ी' और 'सघुक्कड़ी 'किसके नाम हैं?

(i) कबीर की भाषा के (ii) कबीर के प्रिय भोजन (iii) (i) और (ii) दोनों
(iv) उपर्युक्त सभी के

(ङ) कबीर की रचनाएँ कौन-से ग्रंथ में संकलित हैं?

(i) कवितावली (ii) दोहावली (iii) बीजक (iv) कीचक

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

22. 'वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

23. "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था l" लेखक पेड़ों को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था?

24. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

25. "मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं l"-इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

26. "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते l" लोगों ने यह सलाह क्यों दी?

27. बदलू का स्वभाव कैसा था?

28. शादी-विवाह के अवसर पर बदलू क्या जिद्द पकड़ लेता था ?

29. बदलू चूड़ियाँ बनाने का कार्य कहाँ करता था ?

30. किस घटना ने लेखक को अचानक बदलू की याद दिला दी ?

31. लेखक और उसके मित्र कहाँ जा रहे थे ?

32. लेखक को बस वयोवृद्ध क्यों लगी ?

33. प्रकृति के लुभावने दृश्यों को लेखक क्यों न देख सका ?

34. इतिहासकार गेटे ने इतिहास लेखन के बारे में क्या कहा ?

35. नेहरूजी ने किसके बारे में लिखने का निश्चय किया ?

36. अहमदनगर के किले में रहते हुए नेहरु जी ने कौन-सा कार्य आरंभ किया था?

37. कुदाल छोड़कर नेहरु जी ने क्या करना आरंभ किया?

38. भारत के किसानों की समस्याएँ क्या थी ?

39. सिंधु नदी की क्या विशेषता है ?

40. शक्ति पा कर यूरोप ने क्या किया ?

**पत्र लेखन :**

41. भाई को सत्संगति का महत्व बताते हुए पत्र लिखें l

42. अपने छोटे भाई को पशु-पक्षियों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख देते हुए पत्र लिखिए l

43. छात्रों के लिए खेलोत्सव आयोजित करने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए l

44. अपने क्षेत्र में बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों के विषय में जानकारी देते हुए विद्युत् विभाग को पत्र लिखिए l

**निबंध लेखन :**

45. **'मेक इन इंडिया'** विषय पर एक निबंध लिखें l

46. **'उफ़ ! यह प्रदूषण'** विषय पर एक निबंध लिखें l

47. **'पुस्तक की आत्मकथा'** विषय पर एक निबंध लिखें l

**<u>अनुच्छेद लेखन :</u>**

48.**'विद्यालयी बच्चों की सुरक्षा'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

49. **'जब मैं जादूनगरी में पहुँच गया'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

50. **'काश! मैं पक्षी बन जाता'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

*********